**आकाशवाणी**
**क्षेत्रीय समाचार**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**
**गुरुवार 14.08.2025**
**समय 1830**

**मुख्य समाचार :—**

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी।**
- **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर काशीपुर में आयोजित कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया।**
- **भराड़ीसैंण में आगामी 19 अगस्त से होने वाले राज्य विधानसभा के मॉनसून सत्र की तैयारियों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूशण ने भाासन के वरिश्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।**
- **उत्तर प्रदेश में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद देहरादून जिला प्रशासन सतर्क। अन्य प्रदेशों से आने वाले जिंदा मुर्गे, अंडे और मांस पर अग्रिम आदेशों तक रोक।**

**<u>राश्ट्रपति स्वतंत्रता दिवस</u>**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के संपूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित होगा। यह दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, क्षेत्रीय चैनलों से क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी से संबंधित क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढ़े नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

देश कल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएँगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर आज ऊधमसिंह नगर जिले के काशीपुर में आयोजित कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने विभाजन स्मृति स्मारक स्थल का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने देश के विभाजन का दंश झेलने वालों को नमन करते हुए कहा कि 14 अगस्त 1947 का दिन हम कभी नहीं भूल सकते, जब मजहब की आड़ में भारत को दो हिस्सों में बाँट दिया गया। श्री धामी ने कहा कि देश की आजादी के बदले किये गये उनके त्याग और बलिदान की भरपाई कर पाना असंभव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2021 में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने पूर्वजों द्वारा किए गए त्याग और बलिदान को हमेशा याद रख सकें।

## धराली आपदा

उत्तरकाशी जिले के धराली में आपदा प्रभावित परिवारों को आवश्यक खाद्य सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुओं का वितरण निरंतर किया जा रहा। जिला प्रशासन की टीमें, प्रभावित परिवारों को कम्बल और तिरपाल समेत अन्य रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करा रही है। डबरानी से सोनगाड़ तक सड़क मार्ग बाधित होने के कारण गैस आपूर्ति पैदल मार्ग से होते हुए सोनगाड़ तक पहुंचाई जा रही है। इसके बाद वाहनों से सिलेंडरों को हर्षिल पहुंचाया जाएगा। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने आज हर्षिल क्षेत्र में बनी अस्थायी झील का निरीक्षण कर जायजा लिया। झील के मुहाने से अभी जल का प्रवाह सुचारू रूप से हो रहा है, जिससे तात्कालिक रूप से किसी बड़े खतरे की आशंका नहीं है। हालांकि नदी के किनारे में बहाव को अवरोध उत्पन्न कर रहे मलबे को हटाने की दिशा में युद्धस्तर पर मैनुअल रूप से कार्य किया जा रहा है।

## स्वतंत्रता दिवस निरीक्षण

आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस कल उत्साह, उमंग और गर्व के साथ मनाया जाएगा। देहरादून के परेड ग्राउंड में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तिरंगा फहराएंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आज जिलाधिकारी सविन बंसल ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा प्रबंधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर पुख्ता इंतजाम करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुलिस परेड–सलामी कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में भी जानकारी ली और निर्धारित समय के अनुसार व्यवस्थित तरीके से कार्यक्रम का संचालन करने के निर्देश दिए।

## विधानसभा अध्यक्ष

चमोली जिले में गैरसैंण के भराड़ीसैंण में आगामी 19 अगस्त से राज्य विधानसभा का मॉनसून सत्र आहूत किया जाएगा। सत्र की तैयारियों को लेकर आज विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने देहरादून विधानभवन में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सत्र की सुरक्षा और आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को समय से सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

## बर्ड फ्लू

उत्तर प्रदेश में बर्ड फ्ल्यू की दस्तक के बाद देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने आज सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए सतर्क रहने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश से सटे राज्य के जिलों की सभी सीमाओं पर चेक पोस्ट स्थापित करते हुए बाहर से आने वाले जिन्दा मुर्गे, मुर्गे का मांस और अंडे पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगाने के पुलिस विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन विभाग को एहतियात के तौर पर जिले के सभी पोल्ट्री फार्म से तीन दिन के भीतर रैंडम सैंपल लेकर जांच के लिए भेजने के निर्देश दिए। इसके अलावा वन विभाग को तालाबों, झीलों और नदियों के आसपास रहने वाले पक्षियों पर नजर रखने और पक्षियों के मृत या बीमार मिलने पर तत्काल इसकी जानकारी पशु चिकित्सा विभाग को देने को कहा। हालांकि जिले के पोल्ट्री फार्म में अभी तक बर्ड फ्ल्यू का कोई भी मामला सामने न आने पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के पोल्ट्री पर फिलहाल कोई प्रतिबंध नहीं है।

## सिंथेटिक ट्रैक चम्पावत

चम्पावत जिले के स्पोर्ट्स स्टेडियम छमनीयचौड़, लोहाघाट में जिले का पहला सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। जिले के प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह बिष्ट ने बताया कि इस ट्रैक पर मार्किंग का कार्य होना है और सितम्बर से ट्रैक को खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 करोड़ 96 लाख रुपए की लागत के 400 मीटर सिंथेटिक ट्रैक के बनने के बाद जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## क्रॉस कंट्री दौड़

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश के अनेक जिलों में आज बालक और बालिका की विभिन्न आयु वर्गों में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। चम्पावत जिले के स्पोर्ट्स स्टेडियम टनकपुर में अंडर–14 बालक और बालिका वर्ग की क्रॉस कंट्री दौड़ में करीब 100 धावकों ने दमखम दिखाया। उधर, रुद्रप्रयाग जिले के अगस्त्यमुनि खेल मैदान में अंडर–16 बालक और बालिकाओं की जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ हुई। पौड़ी में आयोजित क्रॉस कंट्री दौड़ में बालक और बालिकाओं के अंडर–14, अंडर–17 और ओपन वर्गों में 66 प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई। सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## क्विज प्रतियोगिता

आज़ादी का अमृत महोत्सव और उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आकाशवाणी समाचार देहरादून ने एक क्विज प्रतियोगिता शुरू की है। सबसे पहले सही उत्तर देने वाले श्रोता का नाम अगले दिन के समाचार बुलेटिन में घोषित किया जाएगा। हमारा कल का प्रश्न था– भारत विभाजन के समय भारत का गवर्नर जनरल कौन था?

सही उत्तर है– लार्ड माउंटबेटन

हमारे कल के विजेता हैं– नैनीताल जिले के रामनगर से दिनेश चंद्र ध्यानी
श्रोताओं आज का प्रश्न है– भारत छोड़ो आंदोलन किस वर्ष में हुआ ?
प्रश्न एक बार फिर सुन लें– भारत छोड़ो आंदोलन किस वर्ष में हुआ ?
श्रोता अपने प्रश्न का उत्तर आकाशवाणी की ईमेल आईडी– rnudehradun@gmail.com या व्हाट्सएप नंबर –
97 60 26 80 51 पर भेज सकते हैं।